न्यूज डायरी

सिंहानिया में गोंड कार्यशाला का समापन

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में गोंड कार्यशाला का समापन हो गया। स्कूल में 31 जुलाई तक चली कार्यशाला के दौरान प्रदर्शनी भी लगाई गई। कक्षा एक से 12 तक के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने बताया कि श्री गोविंद हरि सिंहानिया सेंटर फॉर एडवांस्ड लर्निंग की मदद से देश की विविध कलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे पहले पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र की कलाओं का प्रदर्शन हो चुका है। (ब्यूरो)